



**नवभारत**

भोपाल, शनिवार 08 अगस्त, 2026


### एक नजर में

#### 3 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**छापीहेड़ा 07 अगस्त, सं.** राजगढ़ जिले में फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना छापीहेड़ा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है. प्राप्त जानकारी अनुसार सारंगपुर के प्रकरण क्रमांक 253/21 धारा 363, 376 (2) न भादवि 3/4 पोस्को एक्टमें जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी दिनेश पिता रामसिंह वर्मा निवासी दुपाड़िया पिछले करीब 03 वर्षों से फरार चल रहा था. आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार प्रयास किए गए, किंतु वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचता रहा. थाना प्रभारी द्वारा विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया. 6 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी सारंगपुर में है, और बस से कही भागने की फिराक में है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सारंगपुर बस स्टैंड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

#### परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 21

**राजगढ़ 07 अगस्त, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पुराने पाठ्यक्रम बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. तृतीय वर्ष के शैक्षणिक सत्र 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के पात्र पूरक एवं अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 08 जून से प्रारंभ की गई थी. पूर्व में परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गई थी, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के हित में बढ़ाकर अब 21 अगस्त, कर दिया गया है. प्राचार्य द्वारा सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित शुल्क के साथ समय रहते अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरें, ताकि आगामी विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त कर सकें.

# कमिश्नर बोले : अरे यार ... बहुत डिले कर दिया

## मेडिकल कॉलेज निरीक्षण में फूटा स्वास्थ्य आयुक्त का दर्द, बोले- समय पर काम होता तो इस साल ही शुरू हो जाता एडमिशन

**निर्माण एजेंसी, संबंधित अधिकारियों से कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में कॉलेज शुरू करने को कहा**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 अगस्त, का. जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के लगातार धीमे निर्माण कार्य पर निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजू की नाराजगी खुलकर सामने आई. निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देखकर उन्होंने अधिकारियों से कहा, यार... बहुत डिले कर दिया. उन्होंने कहा कि यदि मेडिकल कॉलेज का निर्माण तय समय-सीमा में पूरा हो गया होता तो राजगढ़ में इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस छात्रों का प्रवेश शुरू हो सकता था. उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों से कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में कॉलेज शुरू करने की बात कही दिए.**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज की ड्राइंग एवं डिजाइन का भी अवलोकन किया और पीआईयू के कार्यपालन यंत्री (ईई) ज्ञानदीप भूमरकर से निर्माण कार्य की प्रगति और समय-सीमा की जानकारी ली. इस पर ईई भूमरकर ने बताया कि निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा तथा 26 जनवरी 2027 तक मेडिकल कॉलेज शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है. गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज निर्माण की समय-सीमा लगातार बढ़ती रही है. पहले विभाग ने अगस्त 2026 तक निर्माण पूरा करने का दावा किया था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दिसंबर 2026 कर दिया गया है. लगातार बढ़ती डेडलाइन के कारण मेडिकल कॉलेज की शुरुआत भी टलती जा रही है.

### तुम्हारा काम हर जगह लेट...

निरीक्षण के दौरान पीआईयू के ईई ज्ञानदीप भूमरकर ने निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट प्रभारी का परिचय आयुक्त से कराया. इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा, हर जगह तुम्हारा काम लेट होता है. भोपाल में भी तुम्हारी एजेंसी ने ग्लोबल पार्क का निर्माण चार साल की देरी से पूरा किया है. उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य की गति बढ़ाने और तय समय में परियोजना पूरी करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सलोनी डाबर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी साथ थे.

### जिले का पहला डिजिटलाईज्ड अस्पताल होगा नरसिंहगढ़, पायलट प्रोजेक्ट में शामिल

शुक्रवार को स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस राजगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे. उन्होंने सबसे पहले नरसिंहगढ़ अस्पताल का निरीक्षण कर यहां स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों की व्यवस्थाओं और अस्पताल में हो रही कागजी कार्यवाही की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के ओटी, मेल वार्ड, फीमेल वार्ड, एनआरसी, दवा वितरण केंद्र एवं मेटरनिटी वार्ड का जायजा लिया. उन्होंने हब एंड स्पोक मॉडल के तहत संचालित पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया. यहां मरीजों की आभा आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया और इसमें आ रही तकनीकी परेशानियों की जानकारी ली. अस्पताल अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने स्वास्थ्य आयुक्त को अस्पताल में संचालित ओपीडी डिजिटाइजेशन की जानकारी दी. इस पर स्वास्थ्य आयुक्त ने नरसिंहगढ़ अस्पताल को अस्पताल डिजिटाइजेशन के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल करने की बात कही. उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को चरणबद्ध तरीके से डिजिटल किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें. निरीक्षण के दौरान सीबीएमओ डॉ. आरपी अहिरवार भी मौजूद रहे. कार्यक्रम के बाद उन्होंने राजगढ़ पहुंचकर नवीन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली. मेटरनिटी वार्ड में पहुंचकर उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड कीपिंग का भी अवलोकन किया. इस अवसर पर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा, डॉ अमित कोहली, डॉ आरके कठेरिया, डीसीएम, डॉ मनीष चौहान, डॉ महेंद्र सिंह, सुनील वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.



### दुष्कर्म प्रकरण दर्ज होने के बाद महिला के पति ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**नरसिंहगढ 07 अगस्त, सं.** गत दिवस बगुची निवासी 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया. हालांकि इस घटना की शिकायत दर्ज होने के कुछ ही समय बाद ही महिला के 45 वर्षीय पति की कथित रूप से जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई. ऐसे में पुलिस दोनों मामलों की अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी हुई है. फिलहाल परिजनों के आक्रोश के बीच पुलिस ने मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया. जानकरी के अनुसार गत दिवस महिला ने शिकायत में आरोप लगाया था कि मई से जुलाई 2026 के बीच आरोपी योगेश जोशी ने बच्चों को जान से मारने तथा आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं एवं एससी एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है. इधर महिला के पति के सुसाइड मामले में भी पुलिस ने सभी तथ्यों की बारीकी से जांच कर कार्यवाही की बात कही है. पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच के बाद होगा. पुलिस ने मामले में विधिपूर्वक कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

## 6 दिन बाद हुई हादसे में मृत यात्री की पहचान

**फॉलोअप :** करनवास के पास बस हादसे में हुई थी मौत

नवभारत न्यूज

**करनवास 07 अगस्त, सं. राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर करनवास-पनाली जोड़ के पास 31 जुलाई को हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले अज्ञात यात्री की छह दिन बाद पहचान हो गई. मृतक की शिनाख्त पनाली निवासी नाथ सिंह गुर्जर के रूप में हुई.**

गुरुवार को करनवास पुलिस ने तहसील प्रशासन की मौजूदगी में दफनाए गए शव को कब्र से बाहर निकलवाया. आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया. उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को ब्यावरा से पचोर आ रही एक लोकल बस करनवास-पनाली जोड़ के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई थी. हादसे में नाथ सिंह गुर्जर, गोकुल मालाकार की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि छह अन्य यात्री घायल हुए थे. लेकिन हादसे के बाद मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी थी. काफी प्रयासों के बावजूद जब कोई परिजन सामने नहीं आया तो पुलिस ने निर्धारित समय तक इंतजार के बाद नियमानुसार शव को पचोर में दफना दिया था. मृतक के परिजनों ने गुरुवार को नाथ सिंह गुर्जर की पहचान की. इसके बाद तहसील प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकलवाया गया.



पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया. इसके बाद परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया. परिजनों के अनुसार नाथ सिंह गुर्जर अपनी पत्नी के साथ पनाली गांव में रहते थे, जबकि उनका बेटा ब्यावरा में मजदूरी करता है. हादसे वाले दिन वे बेटे से दवा के खर्च के लिए 4 हजार रुपए लेकर बस से गांव लौट रहे थे. इसी दौरान करनवास-पनाली जोड़ के पास बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि उनके पिता के पास आधार कार्ड और 4 हजार रुपए नकद थे, लेकिन अस्पताल में सामान की जांच के दौरान केवल 10 रुपए और जर्दे की एक पुड़िया मिली. आधार कार्ड और नकदी नहीं मिली. परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दस्तावेज और गुम हुई राशि का पता लगाने की मांग की है. जिस पर पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया है.

### मगराना में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूरक पोषण आहार वितरित



**पडाना 07 अगस्त, सं.** ग्राम मगराना के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 एवं 4 पर श्री देवनारायण समिति समूह द्वारा किशोरी बालिकाओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषण आहार वितरित किया गया. समिति की अध्यक्ष जमुना बाई गुर्जर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह वितरण किया गया. इस दौरान कार्यकर्ता दीपिका शर्मा, शिप्रा मालवी, मंगल सेन, हेमलता तथा विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुर्जर उपस्थित रहे.

## चातुर्मास के दौरान धर्म की प्रभावना प्रवाहित -मुनि प्रवर सागर

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 07 अगस्त, सं.** चातुर्मास कलश स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए पूज्य मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास का समय धर्म, साधना, स्वाध्याय और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम काल होता है। इस अवधि में धर्म की प्रभावना विशेष रूप से प्रवाहित होती है और श्रद्धालुओं को धर्म के अधिक से अधिक निकट आने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जहां संतों का सान्निध्य होता है, वहां धर्म, संस्कार और सद्भावना का वातावरण स्वत: निर्मित हो जाता है। मुनि श्री ने कहा कि सारंगपुर की यह भूमि अत्यंत पुण्यशाली है। यहां मूलनायक भगवान कमलासन पर विराजमान हुए, तभी से इस क्षेत्र में धर्म की




प्रभावना निरंतर बढ़ती चली गई. यह केवल संयोग नहीं, बल्कि यहां के समाज की श्रद्धा, भक्ति और पूर्व संचित पुण्यों का प्रतिफल है. उन्होंने कहा कि सारंगपुर दिगंबर जैन समाज का यह सामूहिक पुण्य ही है कि यहां पहली बार चातुर्मास का पावन अवसर प्राप्त हुआ है.

मुनि श्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सारंगपुर के इतिहास में यह प्रथम चातुर्मास भविष्य के लिए नई धार्मिक परंपरा की शुरुआत बनेगा. उन्होंने कहा कि आज जो धार्मिक वातावरण निर्मित हुआ है, उसके परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में भी यहां नियमित रूप से चातुर्मास आयोजित होंगे और धर्म की प्रभावना निरंतर बढ़ती रहेगी. यह नगर साधना, स्वाध्याय, संयम और आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा. आचार्य विनिश्चय सागर जी की संगीतमय पूजा भी संपन्न हुई. इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा शास्त्र भेंट किए गए तथा मंगल कलश की बोली के उपरांत मुनि श्री के समक्ष विधिवत कलश स्थापना की गई.

कार्यक्रम का संचालन दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने किया. चातुर्मास कलश स्थापना समारोह के अवसर पर दिगंबर जैन समाज के प्रतिष्ठान पूर्णत: बंद रखे गए.

## ईश्वर को जगाते हुए वे खुद चिर लीन हो गये!

### वरिष्ठ होटल व्यवसायी बाल किशन गुप्ता की अद्भुत मौत से सभी हतप्रभ



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 अगस्त, का. जूना ब्यावरा स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में नित्य दर्शन करने जाने वाले वरिष्ठ होटल व्यवसायी श्री बालकिशन गुप्ता का शुक्रवार प्रातः गोलोकवास हो गया. उनकी अद्भुत मौत को सभी ने ईश्वर का चमत्कार बताया.**


उल्लेखनीय है कि बाल भानेज के नाम से नगर में जाने -पहचाने वाले श्री गुप्ता का नियम था कि वे जूना ब्यावरा में स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में प्रात: नित्य दर्शन करने जाते थे. शुक्रवार सुबह भी वे रोज की तरह मंगला आरती के पूर्व मंदिर पहुंचे. वे मंदिर के गर्भगृह में बैठकर भगवान को निंद्रा से जगाने के लिये पद गा रहे थे. पदगान करते हुए अचानक वे पीछे लुड़क गये और मंदिर परिसर से ही उनका गोलोकवास हो गया. उनकी इस अद्भुत व चमत्कारित मौत की जानकारी से सभी हतप्रभ और अचंभित होते हुए ईश्वर की उन पर विशेष अनुकंपा मान रहा है.

93 वर्षीय श्री बाल किशन गुप्ता भानेज के नि:धन की खबर से न केवल मेडतवाल समाज में बल्कि समूचे वैश्य समाज एवं नगर में शोक की लहर दौड़ गई. लोग उनके ईश्वरीय बुलावे की चर्चा करता हुआ नजर आया. आप अंतर्राष्ट्रीय वैष्णव परिषद शाखा ब्यावरा के अध्यक्ष रहे. आपके द्वारा अनंत श्री विभूषित जगतगुरु श्रीमद्विष्णु स्वामी, वल्लभाचार्य महाप्रभु संप्रदाय वैष्णवाचार्य सौम्या जी , षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी वल्लभराय जी महाराज सूरत गुजरात के सानिध्य में भारतवर्ष के संपूर्ण कुंभ, सिंहस्थ पर्व में कल्पवास कर सेवा एवं परमार्थ का कार्य किया. आपके जाने से सभी वैष्णव जनों, व्यापारी वर्ग एवं नगर में शोक का वातावरण निर्मित हो गया. आपने अपने संघर्ष और कठिन परिश्रम से होटल व्यवसाय में पिछले पचास सालों से नगर में अपनी विशेष पहचान अर्जित करते हुए अपनी साख बनाई. व्यापार जगत और समाज में आपकी तपस्या के प्रभाव से भानेज परिवार ने अपना विशिष्ट स्थान निर्मित किया. आप मनोहर लाल गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, गिरीश गुप्ता और मुकेश गुप्ता के पिताश्री थे. अंत्येष्टि में पूर्व विधायक द्वय रामचन्द्र दांगी, गिरीश भण्डारी, समाजसेवी डॉ केसी मिश्रा, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, सभी प्रमुख व्यापारी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेस, भाजपा के नेतागण, पार्षद, पत्रकारगण और बड़ी संख्या में मेड़तवाल समाज सहित सभी समाजबंधुओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.


उठावना

अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि गोलोक वासी

श्री गोवर्धनलाल जी भानेज के सुपुत्र
स्व. श्री मदन लाल जी भानेज के अनुज
रामबाबू, रमेशचंद्र, बृजमोहन, दामोदरदास, पुरुषोत्तम दास के अग्रज
स्वर्गीय दिनेशचंद, मनोहर लाल, प्रकाशचंद्र, गिरीशचंद्र, मुकेशचंद्र के पूज्य पिताजी



श्री बालकिशन जी भानेज
(तोदिया) ब्यावरा का
श्रीजी शरण हो गया है

उठावना
दिनांक- 8/8/2026 शनिवार | सायं 4:00 बजे
वल्लभा परिसर मुक्तिधाम रोड़ (राजगढ़ रोड), ब्यावरा

शोकाकुल
भानेज परिवार
ब्यावरा

फर्म - बालकिशन दिनेश चंद्र ब्यावरा | मो. नं.- 9425442239 9425423368


**कार्यवाही** ▶ बिना परमिट, फिटनेस एवं वैध दस्तावेजों के संचालित वाहनों पर की गई कार्रवाई

# परिवहन विभाग की सघन वाहन जांच में 5 बसें की जब्त

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 अगस्त, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य के नेतृत्व में शुक्रवार को खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्र में स्कूली एवं यात्री वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान बिना वैध दस्तावेज, बिना परमिट एवं बिना फिटनेस संचालित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 5 बसों को जब्त किया गया तथा 20 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया.**

जिला परिवहन अधिकारी श्री वैश्य ने बताया कि जांच के दौरान मां सरस्वती एकेडमी




खिलचीपुर के वाहन स्कूल बस के रूप में पंजीकृत नहीं पाए गए. जबकि इनका उपयोग विद्यार्थियों के परिवहन में किया जा रहा था. साथ ही इनके पास कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे. दोनों वाहनों को जब्त कर थाना खिलचीपुर में सुरक्षित रखा गया.

इसी प्रकार मां सरस्वती पब्लिक एकेडमी की बस बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित पाई गई. जिस पर 5 हजार रुपये का चालान किया गया. सरदार पटेल विद्यालय, जीरापुर रोड, खिलचीपुर की बसों की जांच के दौरान तीन बसें बिना परमिट एवं फिटनेस के संचालित पाई गईं. जिन्हें जब्त कर थाना खिलचीपुर में रखा गया. जांच के दौरान यात्री बस निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेकर संचालित होती पाई गई. जिसके विरुद्ध 5 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई. वहीं जीरापुर क्षेत्र में बस बच्चों का परिवहन करते हुए पाई गई. जिस पर विद्यालय का नाम अंकित नहीं था. उक्त बस को जब्त कर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध भी चालानी कार्रवाई की गई. इसके अतिरिक्त बस बिना परमिट संचालित पाई गई. जिसे जब्त कर थाना खिलचीपुर में रखा गया.

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जीरापुर स्थित सांदीपनी विद्यालय की बसों की जांच के दौरान उनके दस्तावेज पूर्ण पाए गए. वहीं एडवांस पब्लिक स्कूल, जीरापुर की जांच में एक बस के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाने पर उसके विरुद्ध 10 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई. उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुल 5 बसों को जब्त किया गया तथा 20 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया गया. जांच दल का नेतृत्व जिला परिवहन अधिकारी श्री वैश्य एवं चेक प्वाइंट प्रभारी श्रीमती प्राची शर्मा ने किया

### अवैध हूटर हटवाकर 3 हजार रुपये का चालान

**ब्यावरा 07 अगस्त, का.** यातायात थाना ब्यावरा द्वारा शहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के तहत खाटू श्याम मंदिर के पास एक चार पहिया वाहन पर नियमों के विरुद्ध अवैध हूटर लगा पाया गया. यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन से अवैध हूटर हटवाया तथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालक के विरुद्ध 3,000 रुपये का चालान बनाया. चालक को भविष्य में इस प्रकार के नियम विरुद्ध उपकरणों का उपयोग नहीं करने की सख्त समझाइश भी दी गई. यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवनारायण पाण्डेय ने बताया कि हूटर का उपयोग केवल अधिकृत आपातकालीन एवं शासन द्वारा अनुमत वाहनों को ही किया जा सकता है.